पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से फिल्म निर्देशक मधुर भंडारकर ने भेंट की

20 सितम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज फिल्म निर्देशक श्री मधुर भंडारकर ने भेंट की। श्री भंडारकर राज्यपाल के पुराने परिचित हैं। वे लखनऊ में अपनी फिल्म प्रमोशन के संबंध में आयोजित एक कार्यक्रम में आये थे।

श्री नाईक ने उनसे कहा कि उत्तर प्रदेश ऐतिहासिक धरोहरों, प्राकृतिक सौन्दर्य और सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के कारण फिल्म उद्योग के लिये उपयुक्त है। उत्तर प्रदेश और विशेषकर लखनऊ पर आधारित अनेक लोकप्रिय फिल्मों की शूटिंग यहां पूर्व में की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन एवं फिल्म उद्योग की दृष्टि से अपार संभावनाएं हैं जिसे फिल्मों के माध्यम से देश एवं विदेश के नक्शें पर लाया जा सकता है।